दैनिक
न्याय साक्षी



## संपादकीय

# बढ़ाएं गुरु की बात

गुरु नानकदेव जी की 550वीं जयंती (12 नवंबर 2019) के मौके पर करतारपुर कॉरिडोर के जरिए भारत के सिख श्रद्धालुओं के लिए गुरुद्वारा दरबार साहिब पहुंचना आसान बनाने का फैसला अपने आप में एक बड़ी पहल है। सीमा पर सब कुछ सामान्य होता तो पाकिस्तान सरकार के इस फैसले पर आज भारत में उसकी वाहवाही हो रही होती। यह हालात की बदतरी ही है कि इतना बड़ा फैसला भी दोनों देशों के बीच खड़ी आशंकाओं की दीवार को भेद नहीं पा रहा। दुखद बात है कि शुरू से ही यह प्रस्ताव दोनों देशों के तनावपूर्ण संबंधों की भेंट चढ़ता रहा है। 1999 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और नवाज शरीफ के कार्यकाल में आपसी गर्मजोशी के बीच यह प्रस्ताव पहली बार आया तो जल्द ही कारगिल युद्ध के कारण ठंडे बस्ते में चला गया। दूसरी बार बात आगे बढ़ी तो 2008 का मुंबई आतंकी हमला आड़े आ गया। अभी अगस्त 2018 में जब पाकिस्तान ने यह कॉरिडोर बनाने के अपने इरादे को 550वें प्रकाश पर्व से जोड़ दिया तो मामला कुछ आगे बढ़ा और समय सीमा के दबाव के आगे सारी बाधाएं इस बार बौनी होती गईं। हालांकि बाधाएं काफी बड़ी हैं और आशंकाएं भी निराधार नहीं हैं। एक बड़ा डर अंदरखाने यह जताया जा रहा है कि इस पहल के पीछे सिख श्रद्धालुओं का दिल जीतने की चाहत से ज्यादा खालिस्तानी आतंकियों के लिए ठोस जमीन तैयार करने की पाकिस्तानी साजिश हो सकती है। अब तक की पृष्ठभूमि को देखते हुए इस डर को खारिज नहीं किया जा सकता। बावजूद इसके, करोड़ों श्रद्धालुओं की भावनाओं से जुड़े इस मसले को ऐसी आशंकाओं पर कुर्बान नहीं किया जा सकता। इसलिए पूरी सावधानी बरतते हुए ही सही, पर कॉरिडोर बनाने की दिशा में आगे बढ़ने का फैसला दोनों देशों ने किया तो ठीक ही किया। दिक्क त यह है कि सीमा पर जब-तब भड़क उठने वाला तनाव छोटी-छोटी अड़चनों को भी बड़ी बना दे रहा है। जैसे, प्रति तीर्थयात्री 20 डॉलर शुल्क लगाने की ताजा पाकिस्तानी घोषणा को ही लें। तीर्थयात्रियों की सुविधा और सुरक्षा पर आने वाले खर्च का तर्क समझ में आता है, लेकिन गरीब श्रद्धालुओं की कठिनाई का ख्याल रखना भी गुरु की विरासत संभालने वाले दोनों मुल्कों की सरकारों का ही काम है। इसका कोई रास्ता तभी निकलेगा जब दोनों पक्ष आपस में खुलकर बातचीत करें। यही काम अभी सबसे मुश्किल हो गया है। दोनों पक्षों के नेतृत्व में फिलहाल एक-दूसरे को नीचा दिखाने की होड़ लगी है। जो थोड़ी-बहुत कसर बाकी रहती है वह नियंत्रण रेखा पर होने वाली हिंसक घटनाओं से पूरी हो जाती है। इन घटनाओं से जुड़े दोनों पक्षों के दावे किसी भी सूरत में ऐसा माहौल नहीं बनने देंगे जिसमें शांति और समझदारी को कोई वजन मिल सके। याद रहे, भारत के गुरु नानकदेव जी पाकिस्तान के बाबा नानक पीर भी हैं। उनकी दिखाई रोशनी क्या दोनों मुल्कों की सरकारों को इतना भी रौशनखयाल नहीं बना सकती कि करतारपुर कॉरिडोर की शक्ल में वे एक बड़ा काम कर जाएं?

# 4 जी डाउनलोड स्पीड में जियो की बादशाहत बरकरार, अपलोड में आइडिया अग्रणी

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** मुकेश अंबानी की रिलायंस जियो की औसत 4 जी डाउनलोड स्पीड के मामले में लगातार 21 महीने से बादशाहत बरकरार है। भारतीय दूरसंचार नियामक संस्था (ट्राई) के सितंबर के लिए इस संबंध में प्रकाशित आंकड़ों में दूरसंचार क्षेत्र की अन्य प्रमुख कंपनियां बहुत पीछे हैं। जियो की सितंबर में औसत 4 जी डाउनलोड स्पीड 21 एमबीपीएस रही। ट्राई के नवीनतम आंकड़ों में सितम्बर के दौरान भारतीय एयरटेल के प्रदर्शन में मामूली सुधार रहा। एयरटेल की औसत 4 जी डाउनलोड स्पीड अगसत के 8.2 एमबीपीएस की तुलना में मामूली सुधार के साथ सितंबर में 8.3 एमबीपीएस रही। अगस्त में कंपनी की स्पीड जुलाई के 8.8 एमबीपीएस से घटकर 8.2 एमबीपीएस रह गई थी। रिलायंस जियो की औसत 4 जी डाउनलोड स्पीड की तुलना में एयरटेल की करीब ढाई गुना कम है। वोडाफोन और आइडिया सेल्युलर ने कारोबार का विलय कर लिया है और अब यह वोडफोन आइडिया के रुप में काम कर रही हैं। ट्राई दोनों के आंकड़े अलग-अलग दर्शाती है।

वोडाफोन नेटवर्क की औसत 4 जी डाउनलोड स्पीड सितंबर में अगस्त के 7.7 एमबीपीएस से घटकर 6.9 एमबीपीएस ही रह गई। आइडिया की स्पीड में सितंबर में मामूली सुधार दर्ज किया अब कंपनी की 4 जी डाउनलोड स्पीड 6.4 एमबीपीएस रह गई। औसत 4 जी अपलोड स्पीड के मामले में आइडिया एक बार फिर 5.4 एमबीपीएस के साथ अग्रणी है। वोडाफोन और एयरटेल की सितंबर में औसत अपलोड स्पीड सितंबर माह में क्रमशः 5.2 और 3.1 एमबीपीएस रही। सितंबर में वोडाफोन की 4 जी अपलोड स्पीड कम हुई जबकि एयरटेल की स्थिर थी। इस मामले में रिलायंस जियो की स्पीड 4.2 एमबीपीएस रही।

# एलएंडटी को एचपीसीएल से मिला 7,000 करोड़ रुपये से अधिक का ठेका




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** इंजीनियरिंग और निर्माण क्षेत्र की लार्सन एंड टूब्रो की इकाई एलटीएचई को हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन से बड़ी परियोजना का ठेका मिला है। एलएंडटी के बयान के अनुसार अनुसार 7,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की वृहत परियोजना एलएंडटी हाइड्रोकार्बन इंजीनियरिंग लिमिटेड (एलटीएचई) को मिली है। ठेके के तहत कंपनी को परियोजना चालू करके देनी है। बयान के मुताबिक यह परियोजना हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड(एचपीसीएल) की विशाखापत्तनम में विशाख रिफाइनरी आधुनिकीकरण परियोजना का हिस्सा है। इसके तहत परिशिष्ट उन्नयन केंद्र लगाया जाएगा। इस संयंत्र के जरिये एचपीसीएल तेल को उच्च गुणवत्ता वाले यूरो 6 डीजल में बदल सकेगी। कंपनी को यह ठेका अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली के तहत मिला है।

# जेएसडब्ल्यू स्टील का शुद्ध लाभ दूसरी तिमाही में 21 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ा

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** जेएसडब्ल्यू स्टील का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 21.51 प्रतिशत बढ़कर 2,536 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। शेयर बाजार को भेजी नियामकीय सूचना में यह जानकारी दी गई है। इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में कंपनी को 2,087 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ हुआ था। शेयर बाजार को दी जानकारी के अनुसार समीक्षावधि में कंपनी की कुल आय घटकर 17,728 करोड़ रुपये रही जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में कंपनी की आय कहीं अधिक 21,608 करोड़ रुपये रही थी। हालांकि, कंपनी का कुल व्यय इस दौरान एक साल पहले के 18,583 करोड़ रुपये से कम होकर 17,025 करोड़ रुपये रहा।

# चैंपियंस कभी जल्दी खेल खत्म नहीं करते: सौरभ गांगुली

**» धोनी की रिटायरमेंट पर बीसीसीआई चीफ का बयान**



**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सौरभ गांगुली ने बुधवार को अपना पदभार संभालने के बाद कहा कि टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली भारतीय क्रिकेट में सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति हैं और वह उन्हें अपना पूरा समर्थन देंगे। बोर्ड अध्यक्ष ने टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली के प्रति अपना समर्थन व्यक्त करते हुए कहा, वह भारतीय क्रिकेट में सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति हैं जो टीम इंडिया को दुनिया में सर्वश्रेष्ठ बनाना चाहते हैं। हमें उनके साथ बैठना होगा और देखना होगा कि वह क्या चाहते हैं। हम उनका हर तरह से समर्थन करेंगे।

गांगुली ने कहा कि उनके अध्यक्ष बनने की परिस्थितियां लगभग वैसी ही हैं जैसी उनके कप्तान बनने के समय थीं जब भारतीय क्रिकेट मैच फिक्सिंग प्रकरण से जूझ रहा था और मौजूदा समय में उनकी जिम्मेदारी बीसीसीआई के प्रशासन में सुशासन लाने की है। धोनी को चैंपियन बताते हुए गांगुली ने कहा कि चैंपियन खिलाड़ी कभी भी जल्दी अपना खेल नहीं छोड़ते। धोनी की बात करते हुए दादा ने अपने दौर का भी उदाहरण दिया, जब उन्होंने करीब डेढ़ साल इंटरनैशनल क्रिकेट से बाहर रहने के बाद क्रिकेट में जोरदार वापसी की थी और फिर अगले दो साल तक लगातार क्रिकेट खेला।

# बैडमिंटन रैंकिंग: साई प्रणीत सर्वश्रेष्ठ 11वें पायदान पर



**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाले भारतीय पुरुष बैडमिंटन खिलाड़ी बी साई प्रणीत मंगलवार को जारी बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में एक स्थान के सुधार के साथ करियर की सर्वश्रेष्ठ 11वीं रैंकिंग पर पहुंच गए हैं। प्रणीत के अलावा किदांबी श्रीकांत एक स्थान के नुकसान के साथ 10वें नंबर पर खिसक गए हैं।

महिलाओं में विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली पीवी सिंधु छठे स्थान पर बरकरार हैं। उनके अलावा लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल को एक स्थान का नुकसान हुआ है और वह नौवें नंबर पर लुढ़क गई हैं। पुरुष युगल, महिला युगल और मिश्रित युगल में कोई भी भारतीय जोड़ी शीर्ष-10 में नहीं हैं।

### हुंदै ने पेश किया सैंट्रो का वर्षगांठ संस्करण

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** मोटर इंडिया लिमिटेड ने बुधवार को अपनी लोकप्रिय सैंट्रो कार का वर्षगांठ संस्करण पेश किया। इसकी शोरूम कीमत 5.75 लाख रुपये तक है।कंपनी ने एक बयान में बताया कि उसने दो सीमित संस्करण पेश किए हैं।

# केएल राहुल को जानती हूं और हम अच्छे दोस्त हैं: निधि अग्रवाल



क्रिकेट और फिल्म दोनों में ग्लैमर है और अक्सर क्रिकेटर और एक्टर्स में रोमांस की खबरें आती रहती हैं। अतीत में भी कई जोड़ियां जमी हैं चाहे वो नवाब पटौदी-शर्मिला हो, अजहर-संगीता हो या विराट-अनुष्का हो।

इन दिनों बातें बन रही है केएल राहुल और निधि अग्रवाल की। केएल भारत की ओर से खेलते हुए लोकप्रिय हुए हैं और निधि को दर्शकों ने टाइगर श्रॉफ के साथ मुन्ना माइकल में देखा है।

दोनों को साथ में देखा गया और अफवाहों के अंधड़ चलने लगे कि दोनों में रोमांस चल रहा है। कहने वाले कहने लगे कि क्रिकेट और फिल्म की एक और जोड़ी जम गई।

हाल ही निधि वूट के शो फीट अप विद द स्टार्स ऑफ तेलुगु में आई और वहां पर भी उनसे राहुल को लेकर सवाल किए गए तो निधि ने तपाक से जवाब दिया कि वे सिर्फ अच्छे दोस्त हैं।

लिंक-अप की अफवाहों पर निधि ने कहा कि मैं उन्हें जानती हूं और हम अच्छे दोस्त हैं। मैं उनसे लंदन में मिली थी। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ मैच जीता था और मैं खुशी के मारे कूद रही थी। मैंने सभी को बधाई दी।

निधि की इन बातों से भी कुछ लोगों पर असर नहीं हुआ। वे कहते फिर रहे हैं कि ना-ना कहते-कहते ये लोग हां-हां कह देते हैं।

# किसी किरदार के साथ अटैच्ड नहीं होती:राधिका आप्टे



फिल्मों में किसी किरदार को निभाना जितना मुश्किल होता है उतना ही मुश्किल होता है उससे बाहर निकलना। लेकिन ऐक्ट्रेस राधिका आप्टे की मानें तो वह हर किरदार को डूबकर तो करती हैं पर कभी भी उसके साथ अटैच नहीं होती। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने यह बात कही। उन्होंने कहा कि वह बड़ी ही आसानी से अपने किरदार से बाहर आ जाती हैं।

राधिका ने कहा कि हर किरदार के लिए अलग-अलग तरह की मेहनत करने की आवश्यकता होती है। किसी के लिए कुछ ज्यादा रिसर्च करनी होती है तो किसी में ज्यादा प्रैक्टिस करनी होती है। यानि कि हर बार अलग तरह की तैयारी करनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि वह उनमें से नहीं हैं जो अपने किरदार के साथ अटैच हो जाते हैं। बल्कि शूटिंग खत्म होते ही वह खुद को उस रोल से बड़ी आसानी से डिटैच कर लेती हैं।

राधिका ने साल 2005 में फिल्म वाह लाइफ हो तो ऐसी से बॉलिवुड में डेब्यू किया था। इन्होंने हिंदी के अलावा कई अन्य भाषाओं की भी फिल्में की हैं। इसके अलावा इंटरनैशनल स्पेस के बारे में बात करें तो जल्दी ही वह वर्ल्ड वॉर 2 की सत्य घटनाओं पर आधारित बनने वाली फिल्म में बतौर स्पाई की भूमिका निभाती हुई नजर आएंगी।

## भारत फिल्म से सीखने का बेहतर अनुभव रहा : कैटरीना



अभिनेत्री कैटरीना कैफ का कहना है कि उन्होंने भारत फिल्म को एक चुनौती के रूप में लिया और उन्हें खुशी है कि यह उनके लिए सीखने का एक बेहतर अनुभव रहा। सलमान खान अभिनीत भारत में कैटरीना कुमुद रैना की भूमिका में हैं। अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनास द्वारा अली अब्बास जफर का प्रोजेक्ट छोड़ दिए जाने के बाद कैटरीना ने यह रोल निभाया था। कैटरीना ने कहा, जिस समय अली ने स्क्रिप्ट के साथ मुझसे संपर्क किया, मैंने हां कह दिया। फिल्म में मेरा किरदार बहुत मजबूत और असामान्य है और मुझे इस भूमिका के लिए तैयार होने में ठीक दो महीने लगे थे। मैंने इसे एक चुनौती के रूप में लिया। मुझे खुशी है कि काफी अच्छा रहा और यह उस तरह से पूरा हुआ, जैसा मेरे द्वारा किए गए किसी भी काम में पहले कभी नहीं हुआ था।

## आज का राशिफल

*मेषः-* मेष राशि वालों के लिए दिन मध्यम फलदायी होगा। घर एवं बाहर आज दोनों जगह वाद-विवाद से बचें। सोच-समझकर कार्य व्यवहार करें। अनजाने में कही गई सही बात भी आपके लिए गलत हो सकती है।

*वृषभः-* पराक्रम में वृद्धि के योग है। आज धन लाभ होगा। छोटी दूरी की यात्रा हो सकती है जो आपके लिए मंगलमय रहेगी। कार्य पूर्ण होने के प्रबल आसार हैं।

*मिथुनः-* अचानक धन लाभ मिल सकता है। कोई नया प्रोजेक्ट या योजना आरंभ करना शुभ रहेगा। वाणी प्रभावशाली रहेगी, लोग आपकी बातों को महत्व देंगे। जो भी काम करेंगे उसमें पूरी सफलता मिलेगी।

*कर्कः-* सोचा हुआ कार्य आज पूर्ण होगा। यात्रा सुखद और लाभप्रद रहेगी। सितारे मेहरबान हैं जो भी काम करेंगे उनमे सफलता मिलेगी। आज प्रसिद्धि प्राप्त होगी। कुल मिलकार दिन शुभ रहेगा।

*सिंहः-* आज का दिन मिश्रित फलदायी होगा। किसी को धन उधार न दें, धन व्यय के योग हैं। यात्रा में कष्ट एवं मानसिक तनाव हो सकता है। किसी भी कार्य के लिए घर से निकलने से पहले दान जरूर दें।

*कन्याः-* आज का दिन मंगलमय रहेगा। कार्यों में आने वाली बाधएं स्वतः- दूर होंगी। शुभ समाचार मिलेगा। मनोबल ऊंचा रहेगा। लाभ के प्रबल संकेत हैं।

*तुलाः-* आज का दिन उन्नतिदायक है। कर्मक्षेत्र में सफलता मिलेगी। घरेलू सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। नए संपर्क बनेंगे जो आगे चलकर आपको शुभ फल प्रदान करेंगे।

*वृश्चिकः-* आज आपको भाग्य का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। धार्मिक स्थल की यात्रा कर सकते हैं। मनोरंजन कार्य में समय व्यतीत होगा। प्रतिस्पर्धियों पर विजय प्राप्त कर सकेंगे।

*धनुः-* आज का दिन मध्यम फलदायी होगा। आज यात्रा में सावधानी बरतें। चोट-चपेट और वाद-विवाद की आशंका है। वाहन सावधानी पूर्वक चलाए।

*मकरः-* जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। अविवाहितों के लिए विवाह के प्रस्ताव आएंगे। घर में कोई मांगलिक कार्य या उसकी तैयारी हो सकती है।

*कुंभः-* क्रोध पर नियंत्रण रखें तो शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी। आज धन लाभ होगा और अचानक मिली किसी शुभ सूचना से मन प्रसन्न रहेगा। प्रिय व्यक्ति से मुलाकात एवं सहयोग प्राप्त होगा।

*मीनः-* अपनी योग्यता के अनुसार समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। संतान से शुभ समाचार प्राप्त होगा। यात्रा में सफलता मिलेगी। सार्वजनिक जीवन में प्रगति मिलेगी।

## लाजवाब 'गोभी मंचूरियन' की रेसिपी



### सामग्री :

गोभी- 1 बड़ी छोटी कटी हुई, मैदा-1/2 कप, लहुसुन-अदरक का पेस्ट- 1 बड़ा चम्मच, अजीनोमोटो, प्याज, शिमला मिर्च, तेल, पानी- आवश्यकतानुसार

### सॉस बनाने के लिए

मक्के का आटा- 1/2 कप पानी में गूंथा हुआ, टमाटर प्यूरी, सोया सॉस, नमक, पानी

### विधि :

मैदा, अजीनोमोटो और अदरक का पेस्ट डालकर गाढ़ा बैटर तैयार करें और इसमें कटी हुई गोभी डालकर 10 मिनट के लिए छोड़ दें।

पैन में तेल गर्म कर गोभी को गोल्डन और क्रिस्पी होने तक फ्राई करें।

दो बड़े चम्मच तेल गर्म कर इसमें लहसुन-अदरक और प्याज डालकर भूनें। अब शिमला मिर्च डाल दें।

सॉस की सारी चीजें एकसाथ मिलाकर सॉस तैयार कर लें। इसे प्याज और शिमला मिर्च वाले पैन में डाल दें। धीरे-धीरे ये गाढ़ा होता जाएगा अब इसमें गोभी के टुकड़ें डाल दें। पूरी तरह से गोभी कवर हो जाए तो इसे सर्व करें।

## शब्द सामर्थ्य- 24

**बाएं से दाएं**

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

**ऊपर से नीचे**

1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 23 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | ला | | सि | वा | य | | कि |
| लि | | चा | ह | त | | म | म | ता |
| क | सू | र | | म | ग | न | | ब |
| | र | | | | द | | | |
| क | मा | न | | पा | र | स | | स |
| मी | | म | जा | ल | | न | क | ली |
| ना | दा | न | | ना | र | द | | का |
| | मि | | | | तौं | | | |
| सु | नी | ल | | अ | धी | र | | जी |

## सू-दोकू- 24

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक [illegible] सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र. 23 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |